**सचिव**
**माननीय राज्यपाल, राजस्थान**

सत्यमेव जयते

**राजभवन, जयपुर - 302 006**
**राजस्थान,**
**फोन : +91-141-2228792**
**फैक्स : +91-141-2221156**

क्रमांक : एफ.27(2)आरबी / 2022 / 4734
दिनांक : 26 अगस्त, 2025

**प्रो. अखिल रंजन गर्ग,**
**कुलगुरू,**
**बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर।**

महोदय,

राजभवन के आदेश क्रमांक 5111–12 दिनांक 29.09.2022 के माध्यम से डॉ. अरूण कुमार को कार्यभार संभालने की तिथि से तीन वर्ष या सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर का कुलपति (कुलगुरू) नियुक्त किया गया था।

राजभवन के आदेश क्रमांक 4729–30 दिनांक 26.8.2025 के माध्यम से डॉ. अरूण कुमार, कुलगुरू, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर एवं कार्यवाहक कुलगुरू, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को तत्काल प्रभाव से कुलगुरू पद से हटाया गया है। जिसके कारण उक्त दोनों विश्वविद्यालयों में कुलगुरू का पद रिक्त हो गया है।

उपर्युक्त क्रम में निवेदन है कि नियमित कुलगुरू की नियुक्ति हेतु स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर एवं कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में खोजबीन समिति का गठन किया जा चुका है एवं दोनों विश्वविद्यालयों में नियमित कुलगुरू की नियुक्ति में समय लगने की संभावना प्रतीत होती है। साथ ही उक्त दोनों विश्वविद्यालयों में कामचलाऊ व्यवस्था किये जाने हेतु राज्य सरकार की सलाह प्राप्त होने में भी समय लगने की संभावना प्रतीत होती है।

माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा प्रो. अखिल रंजन गर्ग, कुलगुरू, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर को स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर एवं कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में कामचलाऊ व्यवस्था हेतु लगाये जाने का अनुमोदन किया गया है।

अतः मैं, माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के निर्देशानुसार आपको अग्रिम आदेशों अथवा राज्य सरकार से उक्त संबंध में सलाह प्राप्त होने तक कामचलाऊ व्यवस्था अन्तर्गत (Stop-gap arrangement) अतिरिक्त प्रभार के रूप में स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर एवं कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलगुरू के पद के कृत्यों के निर्वहन के लिए निर्देशित करता हूँ।

भवदीय,

(डॉ. पृथ्वी)

क्रमांक : एफ.27(2)आरबी/2022/4735 दिनांक : 26 अगस्त, 2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. अतिरिक्त मुख्य सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. शासन सचिव, कृषि विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. प्रो. अखिल रंजन गर्ग, कुलगुरू, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर।
6. डॉ. अरूण कुमार, पूर्व कुलगुरू, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर।
7. कुलसचिव, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर।
8. कुलसचिव, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर।
9. कुलसचिव, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर।
10. रक्षित पत्रावली।

सचिव,
राज्यपाल, राजस्थान